गुना एक्सप्रेस

राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026

50 हजार क्विंटल मक्का की बंपर आवक 22000 हजार नीलामी डाक बोली गई

● आरोन / राज न्यूज नेटवर्क



तीन दिन के अवकाश के बाद खुली कृषि उपज मंडी में मक्का की बंपर आवक हुई। 50 हजार क्विंटल मक्का आने से मंडी परिसर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों अन्य वाहनों से भर गया। प्रशासन और मंडी प्रबंधन ने कॉलेज ग्राउंड में वाहन खड़े करने और डाक नीलामी की व्यवस्था कराई। एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी मंजूषा खत्री, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन, मंडी सचिव रामकृष्ण लोधा, मंडी कर्मचारी अरविंद रघुवंशी एसआई और आमिर राईन सहायक सहित कर्मचारियों ने व्यवस्थाएं संभालीं। कॉलेज ग्राउंड में अतिरिक्त व्यवस्था होने से किसानों को राहत मिली और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। मंडी में बढ़ती आवक को व्यवस्थित करने के लिए मक्का के अलावा अन्य फसलों की नीलामी अलग से कराई जाएगी। मंडी परिसर और कॉलेज ग्राउंड में एक साथ नीलामी होने से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी।

मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई द्वारा वाल्मीकि जयंती पर काव्यगोष्ठी

डॉक्टर सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल ने महर्षि वाल्मीकि की वर्तमान प्रासंगिकता पर किए अपने विचार प्रकट

● गुना / राज न्यूज नेटवर्क

मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई गुना द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती पर काव्यगोष्ठी का आयोजन साहित्यकार डॉ सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल के मुख्य आतिथ्य, पेंशनर्स संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर की अध्यक्षता में पेंशनर्स पार्क गुना में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा कला एवं विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती देवी एवं आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना हरीश सोनी ने प्रस्तुत की। स्वागत वक्तव्य रनीश जैन ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल ने अपने उद्बोधन में महर्षि वाल्मीकि की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित ग्रंथ रामायण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साहित्यकार ही समाज को सही दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जो साहित्य लोक कल्याण



और लोक मंगल की भावना से सृजित किया जाता है वही कालजयी होता है। साहित्यकार समाज की समस्याएं ही नहीं उठाता वह उनके समाधान भी सुझाता है। काव्यगोष्ठी का संचालन करते हुए शायर प्रेम सिंह प्रेम ने अपने विचार इन पंक्तियों में प्रकट किए संघर्ष के लिए खुद को तैयार करना ही पड़ेगा।

रिश्ते अगर निभाना है तो एतबार करना ही पड़ेगा। जी भरके इससे उससे नफ़रत कर लो मगर, चैन से अगर जीना है तो प्यार करना ही पड़ेगा। नवगीतकार देवेन्द्र सलिल ने अपने भाव इन पंक्तियों में प्रकट किए सबको पानी पिला पिला कर, पनघट प्यासा रह जाता है। कवि हरीश सोनी ने कुछ यूं कहा ये पीड़ा पिघल काव्य में ढल गई। नाम के साथ मिल रामायण बन गई। काव्य पाठ करते हुए कवि अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने अपने भाव इन पंक्तियों में प्रकट किए अपने प्रण से कर्म कहानी लिख दूंगा, मैं तूफ़ानों के नाम जवानी लिख दूंगा। इसके साथ ही कवि वीरेन्द्र मुक्त, शंकर राव मोरे ने भी रचना पाठ किया। अंत में आभार रनीश जैन ने प्रकट किया। इस अवसर पर प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे जिनमें सर्वश्री शंभू नाथ तिवारी, एम के गौतम, वीर सिंह भदौरिया, कैलाश नारायण बंसल, कमलेश श्रीवास्तव, मुन्ना लाल जैन, यशवंत शर्मा, एन एस राजपूत, सुशील पाठक आदि प्रमुख हैं।

ब्रीफ न्यूज

पीएम आवास कालोनी में नपा का आवास मेला

गुना। दीपावली के अवसर पर नगरपालिका गुना द्वारा निर्मित किये जा रहे प्रधानमंत्री आवास में टू बीएचके अर्थात एलआईजी भवन बिक्री हेतु पीएम आवास कालोनी में आवास मेला लगाया गया है, जहां नगरपालिका के कर्मचारियों की टीम तैनात है और आवास विक्रय संबंधी जानकारी दी जा रही है एवं नपा द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर भवनों का विक्रय किया जा रहा है। नपा गुना द्वारा निर्मित टू बीएचके भवन जिसमें दो बेडरूम,एक हॉल, किचन,बालकनी,वॉश एरिया, दो लेट वाथ हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास के टू बी बीएचके भवन वर्ष 2018 की कीमत पर ही बेचे जा रहे हैं।

सर्व सैन समाज की बैठक का हुआ आयोजन

आरोन। सैन समाज मंदिर पर सर्वसैन समाज की बैठक का आयोजन हुआ जिसमे सभी समाज बंधुओं की सहमति से अनिल कुमार को सेन गुंजा समाज का ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया एवं संगठन विस्तार कर अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की नियुक्ति भी गयीं। शरद सैन उपाध्यक्ष, दीपक कोषाध्यक्ष, राकेश सेन सचिव, राजू सेन मीडिया प्रभारी, दीपेश सेन मीडिया प्रभारी, राजेश सैन संयोजक, अरविन्द सेन सह संयोजक, विकास सेन सदस्य, प्रदीप सेन सदस्य बनाये जाने पर मित्र गणो एवं समाजसेवीयो ने बधाईया प्रेसित की।

आवारा सांड का आतंक, मंत्री कोठी के पास बुजुर्ग समेत 7-8 लोगों को मारा सींग

गुना। शहर में आवारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को शहर के पॉश इलाके में स्थित मंत्री जी की कोठी के पास एक आक्रामक सांड ने अचानक राहगीरों पर हमला कर दिया, जिससे इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड ने सड़क पर अचानक तांडव मचाते हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति को घायल कर दिया, जबकि करीब 7 से 8 अन्य लोगों को भी अपने सींगों से मारकर गंभीर रूप से चोट पहुंचाई। अचानक हुए इस जानलेवा हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोगों में जान बचाने की भगदड़ मच गई। इस घटना के बाद से आसपास के रहवासियों और दुकानदारों में भारी दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सांड को पकडऩे का अभियान शुरू किया। आक्रामक हुए सांड के तेवर इतने तीखे थे कि नपाकर्मियों को उसे काबू में करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों चले रेस्क्यू के बाद आखिरकार टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए सांड पर नियंत्रण पा लिया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस सनसनीखेज घटना ने शहर में आवारा मवेशियों की बढ़ती समस्या और नागरिकों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

► कोटा-बीना-कोटा मेमू ट्रेन में गंदगी का अंबार, यात्री हो रहे परेशान

अनुरक्षण व्यवस्था पर उठे सवाल, शौचालयों की बदहाली और कोचों में मकड़जाल से यात्री नाराज

● गुना / राज न्यूज नेटवर्क



कोटा-बीना-कोटा मेमू ट्रेन संख्या 11603/11604 में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति को लेकर यात्रियों में नाराजगी है। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन के कोचों में जगह-जगह गंदगी और मकड़जाल फैला हुआ है, वहीं शौचालयों की स्थिति भी बेहद खराब है। ऐसे में यात्रियों को मजबूरी में गंदगी के बीच सफर करना पड़ रहा है।

यात्रियों के अनुसार, ट्रेन की कई बोगियों में इस कदर मकड़जाल लगा हुआ है, मानो लंबे समय से साफ-सफाई ही नहीं की गई हो। शौचालयों की गंदगी इतनी अधिक है कि वहां जाना भी मुश्किल हो रहा है। यात्रियों का कहना है कि गंदगी के कारण सफर करना असुविधाजनक होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बन गया है। रेलवे की अनुरक्षण व्यवस्था के तहत ट्रेनों की साफ-सफाई और तकनीकी जांच के लिए अनुरक्षण डिपो में समय निर्धारित किया जाता है। इसके बावजूद मेमू ट्रेन में सफाई की ऐसी स्थिति सामने आना संबंधित व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यात्रियों का आरोप है कि यदि नियमित रूप से सफाई और निरीक्षण किया जा रहा है, तो बोगियों में इतनी गंदगी और शौचालयों की बदहाली क्यों बनी हुई है। यात्रियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित रेल अधिकारियों का पक्ष सामने आना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान के बीच रेलगाड़ियों में साफ-सफाई बनाए रखना रेलवे प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन में सफर के दौरान उन्हें स्वच्छ वातावरण, साफ शौचालय और बैठने योग्य बोगियां मिलनी चाहिए, मौजूदा स्थिति इन अपेक्षाओं के विपरीत है। यात्रियों ने कहा कि रेल यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं है, बल्कि लंबे सफर में सहयात्रियों के साथ समय बिताने, भोजन करने और आराम करने का अनुभव भी है। ऐसे में यदि पूरी बोगी में गंदगी फैली हो, तो यात्रियों का सफर यादगार बनने के बजाय परेशानी भरा हो जाता है।

रेलवे प्रशासन से सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग

यात्रियों ने रेल प्रशासन से कोटा-बीना-कोटा मेमू ट्रेन की साफ-सफाई व्यवस्था की जांच कराने, बोगियों और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा अनुरक्षण डिपो में होने वाले कार्यों की प्रभावी निगरानी करने की मांग की है। साथ ही, अन्य मेमू ट्रेनों में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कराने की अपील की है, ताकि यात्रियों को बार-बार ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को उनकी सुविधाओं, स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सफर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना चाहिए, ताकि यात्रियों को गंदगी के बीच सफर करने के लिए मजबूर न होना पड़े।

नेशनल हाईवे पर बने अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की कार्यवाही

चांचौड़ा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन और एसडीएम अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के राष्ट्रीय राजमार्गों से अतिक्रमण हटाए जाने निर्देश दिये गये थे। अनुभाग चांचौड़ा से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अतिक्रमण जिसमें छोटी बड़ी दुकानें एवं पक्के व कच्चे निर्माण मिलाकर कुल 32 को हटा कर कुल 5 किलोमीटर तक का अतिक्रमण हटाया गया है। साथ ही नेशनल हाईवे पर बने 12 अवैध कट हटाए गये है। पूर्व में भी 42 अवैध कट हटाने की कार्यवाही की जा चुकी है। पूर्व में अतिक्रमण के स्थान चिन्हित किया जाकर चुनाव मार्किंग करवाई गई समय-समय पर अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस प्रदान किए गए एवं अनाउंसमेंट करवाई गई। आमजन की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अतिक्रमण मुहिम आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील चांचौड़ा रेणु कांसलीवाल, बीनागंज चौकी प्रभारी नीरज लोधी, नेशनल हाईवे असिस्टेंट मैनेजर पार्थ जाट एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीनागंज सहित कई गांवों के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है तेलीगांव मार्ग



● चांचौड़ा / राज न्यूज नेटवर्क

खटकिया से कुंभराज, सानई, मृगवास, बीनागंज होते हुए परसना को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों और यात्रियों के लिए आवागमन का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस मुख्य मार्ग के जरिए गुना और राजगढ़ जिले के कई गांवों के लोग रोजाना अपने आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन करते हैं। भोपाल जिले के ग्रामीण इलाकों और राजधानी भोपाल की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग सबसे कम दूरी और सुलभ विकल्प प्रदान करता है। बीनागंज की ओर आने-जाने वाले यात्रियों में ग्राम तेलीगांव, देहरी, वीवा खेड़ी, वापचा, विक्रमपुर और हिंगोनी सहित आसपास के ग्रामीण शामिल हैं। इसी प्रकार, राजगढ़ जिले के रेलाई, लालपुरिया, परसना, मधुसूदनगढ़ और सुठालिया की दिशा में सफर करने वाले आमजन भी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। बीनागंज, लहरचा, कीताखेड़ी, रामसिंहपुरा खुर्द, रामटेरी, टोड़ी, सुंदरपुरा, गेहूंखेड़ी, लखनवास, पुरा लखनवास, रूपाहेड़ी, चोपन कलां, और भूराखेड़ी जैसे अनेक गांवों के निवासियों के लिए भी यह मार्ग दैनिक आवागमन और व्यापारिक दृष्टि से बेहद उपयोगी है। जनहित और जनसुविधा की दृष्टि से यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के कई गांवों से भोपाल जिले के विभिन्न स्थानों तथा राजधानी भोपाल तक सीधे पहुँचने के लिए यह रास्ता दूरी को काफी कम कर देता है। दूरी कम होने के कारण रोजाना बड़ी संख्या में आम यात्री, मरीज और व्यापारी भोपाल जाने के लिए इसी मार्ग का चयन करते हैं। ग्राम तेलीगांव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी सामाजिक संबंधों और व्यापारिक गतिविधियों के कारण राजगढ़ व भोपाल जिले के बीच लोगों की लगातार आवाजाही बनी रहती है।

सिंधिया के पोस्टरों को गलत तरीके से हटाने पर भाजपा में नाराजगी

● गुना / राज न्यूज नेटवर्क



राघौगढ़ में गुना के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बैनर-पोस्टरों को गलत तरीके से हटाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राघौगढ़ नगरपालिका के सीएमओ और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। इसे लेकर भाजपा नेताओं द्वारा राघौगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। भाजपा ने ज्ञापन में बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के पोस्टरों को नगरपालिका राघौगढ़ के कचरा वाहन और कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से हटाया गया, जो अपमान की श्रेणी में आता है। इनके फोटो-वीडियो भी उपलब्ध हैं। भाजपा ने इस पर नाराजगी जताते हुए नगरपालिका सीएमओ और संबंधित कर्मचारियों के तत्काल निलंबन की मांग करते हुए सीएमओ पर आरोप लगाया कि वह राघौगढ़ में एकपक्षीय कार्य कर रहे हैं। भाजपा ने कहा कि दो दिवस में संबंधितों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो 30 अक्टूबर से तहसील कार्यालय के बाहर विधानसभा के नेता हीरेंद्र सिंह बंटी बना के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

हाइड्रोलिक ट्रॉली से मक्का खाली, फिर हम्माली किस बात की

आरोन। मंडी प्रशासन दुबारा किसान की हित में निर्णय लिये जाते है लेकिन मक्का खरीदी में उनका शोषण क्यो किया जा रहा है? हम्माल, तुला बटी शुल्क बसूल कर अन्याय किया जा रहा है। जब किसान अपनी हाइड्रोलिक ट्रॉली से मक्का खुद खाली कर रहा है और कांटे का चार्ज भी अपनी जेब से दे रहा है, तो व्यापारी द्वारा 12.50 रुपये प्रति बोरी हम्माली क्यों काटी जा रही है? 50 क्विंटल मक्का पर 700-800 रुपये की कटौती आखिर किस बात की? जब हम्माल ने किसान की उपज को हाथ तक नहीं लगाया, तो हम्माली किस बात की? मंडी कमेटी संज्ञान ले और किसानों से होने वाली इस कथित वसूली पर रोक लगाए ताकि किसान को न्याय मिल सके।

बीनागंज मंडी में मक्का की रिकॉर्ड 22 हजार बोरी की आवक, लगे अतिरिक्त काउंटर

● बीनागंज / राज न्यूज नेटवर्क

कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज में मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि एक ही दिन में करीब 22 हजार बोरी मक्का की आवक होने के बावजूद मंडी प्रशासन की सूझबूझ से पूरी नीलामी (डाक) सुचारू रूप से पूरी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी में किसानों के वाहनों की लंबी कतारे लगी थी। त्योहार के बाद एक साथ बडी आवक आने से अव्यवथाओं की आशंका थी लेकिन मंडी सचिव धनसिंह प्रभाकर, प्रांगण प्रभारी राजेन्द्र सिंह जादौन एवं कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए अतिरिक्त नीलामी काउंटर लगवाए और किसान की क्रमवार प्रवेश पर्ची जारी कर डाक नीलामी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। कृषकों ने मंडी प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना की। किसानों का कहना है कि इतनी बड़ी अवाक के बाद भी उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा और सही दाम मिला किसानों खुश थे क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आज डाक नीलामी पूरी हो पाएगी। मंडी प्रशासन ने बताया आगे भी विशेष व्यवस्था की जावेगी।

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेट, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय- कार्यालय संख्या 153, ऑर्बिट मॉल, पहली मंजिल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड, इंदौर, म. प्र.-452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

निजी समझौते के माध्यम से बिक्री की सूचना
SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत HHFL को गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों की बिक्री
नियम 8(8) और 9(1) के परंतुक के साथ पढ़ा जाए

अधोहस्ताक्षरी, एचएचएफएल के अधिकृत अधिकारी के रूप में, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 14(1) के तहत अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में वर्णित आरक्षित संपत्ति निजी संधि/सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से एचएचएफएल द्वारा स्वीकार्य शर्तों पर, "जैसा है जहां है", "जैसा है वैसा ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर, अपने बकाया की वसूली के लिए बिक्री हेतु उपलब्ध है।

MP/GUN/GUNA/A000000053 श्री जुगल किशोर शर्मा श्रीमती मधु शर्मा	बकाया राशि - आरक्षित मूल्य - ईएमडी - कब्ज़ा की तारीख -	Rs. 22,01,477/- Rs. 1500000/- Rs. 150000/- 16/12/2025	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि - शाम 5 बजे तक ई-नीलामी की तिथि/समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बोली वृद्धि राशि: ₹10000/-	13-11-2026 16-11-2026

सर्वे नं. 606/1/1/1(s), पीएच नं. 24, न्यू 40, वार्ड नं. 01, शंकर वार्ड, सेमीअर्बन, मानपुरा रोड, गीतांजलि कोल्ड स्टोरेज, सेमीअर्बन, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473222, कुल क्षेत्रफल - 1200 वर्गफुट. सीमाएं - पूर्व - प्रियंका धाकड़ का मकान, पश्चिम - खुला प्लॉट, उत्तर - मानपुरिया रोड, दक्षिण - खुला प्लॉट.

मानक नियम एवं शर्तें: 1. बिक्री पूरी तरह से "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर की जाएगी। 2. क्रेता को आवेदन और केवाईसी दस्तावेजों के साथ प्रस्तावित राशि का 10% जमा करना होगा। स्वीकृति मिलने पर आवश्यक 25% जमा राशि में इसे समायोजित किया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। 3. एचएचएफएल द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने पर, क्रेता को अगले कार्य दिवस तक बिक्री मूल्य का 25% (प्रारंभिक 10% सहित) जमा करना होगा।4. बिक्री की पुष्टि होने के 15 दिनों के भीतर बिक्री मूल्य का शेष 75% भुगतान करना होगा। 5. निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान न करने पर जमा की गई सभी राशि, जिसमें प्रारंभिक 10% भी शामिल है, स्वतः जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को बिना किसी पूर्व सूचना के दोबारा बेचा जा सकता है। 6. यदि HHFL प्रस्ताव स्वीकार नहीं करता है, तो प्रारंभिक 10% जमा राशि बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी।7. 50,00,000/- रुपये से अधिक की बोलियों के लिए, सफल क्रेता को आयकर अधिनियम की धारा 194-आईए के तहत 1% टीडीएस जमा करना होगा। 8. संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के भारों सहित बेची जाती है, चाहे वे एचएचएफएल को ज्ञात हों या अज्ञात। एचएचएफएल किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों, अधिकारों या वैधानिक देयताओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। 9. क्रेता को संपत्ति के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से उचित जांच करनी होगी। बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। 10. एचएचएफएल बिना कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 11. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से या सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" से ही होगी। 12. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी संबंधी किसी भी समस्या के लिए सुरक्षित ऋणदाता/सेवा प्रदाता जिम्मेदार नहीं होगा।13. ई-नीलामी के बारे में किसी भी जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता सेवा प्रदाता, M/S C1 India Pvt Ltd., Plot No- 68, 3rd floor Sector 44 Gurgaon Haryana -122003 (Contact no. 7291981124,25,26) Support Email – Support@bankeauctions.com , Mr. Mithlesh Kumar, Mob. +91 70808 04466. Email: delhi@c1india.com and support@bankeauctions.com से संपर्क कर सकते हैं। 14. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम https://www.bankeauctions.com पर समय से पहले पंजीकृत करना चाहिए और उन्हें उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त होने के तुरंत बाद उसे बदल दें। 15. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाताओं को वापसी योग्य बयाना राशि (ईएमडी) यानी आरक्षित मूल्य का 10% (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) जमा करना होगा। यह राशि इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा "हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से देय होगी। 16. इच्छुक पक्ष अधिक जानकारी के लिए अधिकृत अधिकारी Vaibhav Shrivastava - 9755225338, Sachin Bhalekar - 8779984037, Sourabh Bhargava - 98931 31101 से संपर्क कर सकते हैं और 13-11-2026 को शाम 5.00 बजे या उससे पहले केवाईसी दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव, ईएमडी जमा कर सकते हैं। 17. सफल नीलामी क्रेता गिरवी रखी गई संपत्ति से संबंधित सभी स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, कर और अन्य वैधानिक खर्चों का वहन करेगा। एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(8) के तहत उधारकर्ताओं/गिरवीदारों का मोचन का अधिकार नवीनतम न्यायिक आदेशों के अनुसार इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से समाप्त हो जाता है। 19. बिक्री एसएआरएफएईएसआई अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

Date- 29-10-2026 Authorised Officer

त्यौहार | आज महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत, शाम को खुलेगा पूजा-अर्चना के साथ उपवास

करवा चौथ पर बाजारों में रौनक, दुकानों पर भीड़

● गुना / राज न्यूज नेटवर्क



सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखा जाने वाला करवा चौथ का व्रत और पूजन आज किया जाएगा। करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं की तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजारों में रौनक लोटने के साथ भीड़भाड़ बड़ गई है। करवा चौथ की पूजन में उपयोगी मिट्टी के करवे, छलनी, सींख और पूजा थाली सहित अन्य वस्तुओं की दुकाने बाजारों में जगह-जगह सजीं हुई हैं, जहां महिलाओं द्वारा इनकी खरीददारी की जा रही है। साड़ी, कपड़े और ज्वेलरी शॉप पर पिछले कुछ दिनों से लगातार भीड़भाड़ बनी हुई है। बाजारों में देर शाम तक महिलाओं की भीड़भाड़ देखी जा रही है। करवा चौथ पर महिलाओं द्वारा नई साड़ी और कांच व लाक की चूड़ियां खरीदी जाती हैं। त्योहारी सीजन में बर्तन, किराना व उपहारों की दुकानों पर भी भीड़भाड़ लगी हुई है। करवा चौथ के मौके पर छाई बाजारों की रोनक अब लंबे समय तक बाजारों में टिकी रहेगी। करवा चौथ के बाद दीपावली की खरीददारी शुरू हो जाएगी और फिर शादी-विवाह का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में अब बाजारों में लगातार भीड़भाड़ बनी रहनी है।

निर्जला व्रत रखकर शाम को होगी पूजा-अर्चना

अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं द्वारा निर्जला और बिना कुछ खाए पीए इस व्रत को भक्ति भाव के साथ किया जाता है। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाओं द्वारा शाम के समय चौथ माता की पूजा-अर्चना की जाती है एवं चंद्रमा के दर्शन व अर्ध्य देकर, पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला जाता है।